# एनएचडीसी इंदिरा सागर, खंडवा के पास 525 मेगावाट पंप भंडारण बिजली परियोजना का निर्माण करेगी

## चर्चा में क्यों

9 जून, 2023 को पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नर्मदा हाइड्रोइलेक्ट्रिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचडीसी लिमिटेड) मध्य प्रदेश के खंडवा में इंदिरा सागर बांध के पास 525 मेगावाट पंप स्टोरेज परियोजना का निर्माण करेगी।

## प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार राज्य में पीक आवर की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना की शुरूआत की जा रही है। इसके लिये इंदिरा सागर परियोजना के मौजूदा जलाशयों इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर का इस्तेसमाल किया जाएगा।
- इस पंप भंडारण परियोजना के माध्यम से उत्पन्न अक्षय ऊर्जा में वृद्धि के साथ, राज्य की बिजली ज़रूरतों को पीक एनर्जी आवर्स (सुबह और शाम) के दौरान पूरा किया जा सकता है। परियोजना पीक आवर्स के दौरान 1,226.93 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पाहदन करेगी।
- इस परियोजना पर 4,200 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। मध्य प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने यह परियोजना एनएचडीसी लिमिटेड को आवंटित की है।
- मध्य प्रदेश में 11.2 गीगावॉट पंप भंडारण परियोजनाओं की क्षमता है। वर्तमान में खंडवा ज़िले में एनएचडीसी लिमिटेड के दो पावर स्टेशन- इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगावाट) और ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (520 मेगावाट) काम कर रहे हैं। इन पावर स्टेशनों द्वारा उत्पादित शत-प्रतिशत बिजली की आपूर्ति मध्य प्रदेश को की जाती है।
- एनएचडीसी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण के साथ हरित ऊर्जा के उत्पादन के जरिये राज्य को हरित राज्य बनाने की योजना बना रही है। ऐतिहासिक शहर सांची में 8 मेगावाट की सौर परियोजना और ओंकारेश्वर जलाशय पर 88 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर परियोजना का निर्माण कार्य जारी है।
- गौरतलब है कि नर्मदा हाइड्रोइलेक्ट्रिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचडीसी लिमिटेड), मध्य प्रदेश सरकार और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड) का संयुक्त उद्यम है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nhdc-to-construct-525-mw-pumped-storage-power-project-near-indira-sagar,-khandwa